ग्रामीण इलाकों के लोगों को को समुचित स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने के लिए 'चौपाल' ने एक नई पहल की है जिसका उद्देश्य दिल्ली के आसपास के गांवों में जाकर वहां के निवासियों के लिए कैंप लगाना।

नई दिल्ली/ जयपुर
शुक्रवार, 18 फरवरी, 2011
Website : www.punjabkesari.com

ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराती डाक्टरों की चौपाल

संस्था से डाक्टर, कृषि विशेषज्ञ, समाजविज्ञानी, प्रबंधन व प्रौद्योगिकी के विशेषज्ञ जुड़े हुए हैं जो ग्रामीणों को हर प्रकार से सहायता करते हैं।

यह चौपाल अपने साथ कार्य चिकित्सक, बाल रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक, आंखों के डॉक्टर, दांतों के डॉक्टर, रेडियोलॉजिस्ट, फार्मासिस्ट की एक टीम लेकर गांवों में जाती है। उनके साथ ईसीजी, अल्ट्रासाउंड, खून की जांच, आंखों की जांच इत्यादि के लिए मशीनें साथ जाती हैं जिनकी सहायता से तत्काल जांच कर ली जाती है और आगे की जांच व इलाज के लिए रास्ता मिल जाता है। एक प्रेस वार्ता के दौरान चौपाल के चेयरमैन डा. आर.एस. टोंक के अनुसार जिन इलाकों में कुपोषण की समस्या है, वहां यह संस्था कार्य कर रही है। इस चौपाल के जरिए डॉक्टर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हैं तथा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में भी उन्हें जागरूक किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को गंभीर बीमारी होती है, उन्हें सरकारी अस्पतालों में लाकर इलाज करने की कोशिश की जाती है ताकि उनका अधिक पैसा न खर्च हो। चौपाल के कार्यक्रमों की प्रभारी डा. मोनिका पुरी के अनुसार उनकी संस्था जन स्वास्थ्य को लेकर काम करती है जिसमें कम खर्चे में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

● उषा पाहवा